अमर उजाला 21/09/2025

स्पर्धा

नेशनल कॉलेज शाहाबाद में आयोजित की गई थी राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय दोहा, चौपाई गायन प्रतियोगिता

# राज्य स्तरीय गायन स्पर्धा में खुशी अव्वल



शाहाबाद के मार्कंडेय नेशनल कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान विजेता प्रतिभागी। प्रवक्ता

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की एमकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने मार्कंडेय नेशनल कॉलेज शाहाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय दोहा/चौपाई गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम उच्च स्तर पर प्रतिष्ठित किया।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने खुशी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय और हिंदी विभाग के लिए गौरव का क्षण है, ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षमताओं के विकास को प्रोत्साहित करते हैं। संवाद